सिद्धार्थनगर पुलिस

प्रेस नोट दिनांक 08-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆थाना मोहाना पुलिस टीम द्वारा गुमशुदा हुए 04 वर्षीय बालक को बरामद कर परिजनो को सुपुर्द किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर क्रम मे एवं प्रशान्त कुमार प्रसाद, अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के कुशल पर्यवेक्षण व विश्वजीत सौरयान क्षेत्राधिकारी सदर के निर्देशन में जितेन्द्र सिंह थानाध्यक्ष थाना मोहाना जनपद सिद्धार्थनगर के नेतृत्व में आज दिनांक 08.11.2026 को थाना मोहाना पर सूचना प्राप्त हुई कि एक बच्चा कस्बा ककरहवा में खो गया है तथा अपना नाम पता नहीं बता पा रहा है। इस सूचना पर उ0नि0 अशोक कुमार मय हमराह हेड कांस्टेबल आत्मानंद यादव कांस्टेबल अनुराग तिवारी द्वारा मौके पर पहुंचकर ज्ञात किया गया तो ज्ञात हुआ कि बच्चे का नाम टिड्डू पुत्र सुमेर उम्र 04 वर्ष ग्राम हरपौली थाना मोहाना का निवासी है जो गुम हो गया है तथा उसे थाना मोहाना पुलिस द्वारा बरामद कर उसके दादा महाजन को सकुशल सुपुर्द कर दिया गया है, पुलिस की इस कार्यवाही का आम जनमानस द्वारा भूरी भूरी प्रशंसा की जा रही है।

प्रेस नोट दिनांक 08-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆यातायात माह के 8वें दिवस पर यातायात पुलिस सिद्धार्थनगर द्वारा रिक पुलिस कर्मियों को यातायात प्रशिक्षण व चेकिंग के समय की जाने वाले यथोचित कार्यवाही के संबंध मे ब्रीफ किया गया तथा आमजनमानस को यातायात के प्रति जागरुक किया गया।

डॉ० अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी यातायात श्री राजकुमार सिंह के निर्देशन में यातायात निरीक्षक अजय सिंह यादव के नेतृत्व में यातायात पुलिस द्वारा दिपावली त्यौहार के दृष्टिगत यातायात व्यवस्था के सकुशल संचालन एव आमजन के सड़क सुरक्षा के दृष्टिगत यातायात माह के आठवे दिवस पर यातायात व नागरिक पुलिस कर्मियों को यातायात प्रशिक्षण व वाहन चेकिंग के समय की जाने वाले यथोचित कार्यवाही के संबंध मे ब्रीफ किया गया तथा यातायात के प्रति आमजनमानस को जागरुक किया गया।

प्रेस नोट दिनांक 08-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति फेज 6.0 अभियान के तहत थाना इटवा मिशन शक्ति टीम द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम गंगवल की महिलाओं/बालिकाओं को महिला अपराध, साइबर अपराध सुरक्षा व हेल्पलाइन नम्बर, दहेज उत्पीड़न, नए कानून आदि के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत, अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी इटवा पवीन प्रकाश के पर्यवेक्षण में तथा प्रभारी निरीक्षक अनिल कुमार दूबे थाना इटवा जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में आज दिनांक 08.11.2026 को थाना इटवा मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम गंगवल की महिलाओं/बालिकाओं को महिला अपराध, साइबर अपराध सुरक्षा व हेल्पलाइन नम्बर, दहेज उत्पीड़न, नए कानून आदि के सम्बन्ध में पम्पलेट वितरित कर जागरुक किया गया तथा सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला सम्मान कोष, नारी शक्ति वंदन अधिनियम मातृ शक्ति को सम्बल निराश्रित महिला पेंशन योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी व महिला संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु निम्न हेल्पलाइन नंबरों-112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108, एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 102, स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति टीम का विवरण--

1.उ0नि0 रामजी यादव

2.आ0 रोहित यादव

3.म0आ0 रंजना, साधना यादव, रविता यादव, आराध्या

प्रेस नोट दिनांक 08-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति फेज-6 अभियान के तहत थाना मोहाना मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम-सलसलवा चौकी ककरहवा में जाकर छात्र/छात्राओं को गुड टच, बैड टच, महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरुक किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 08/11/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान तथा थानाध्यक्ष जितेंद्र सिंह के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति केंद्र के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण जागरूकता कार्यक्रम के तहत थाना मोहाना मिशन शक्ति पुलिस टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम-सलसलवा चौकी ककरहवा मे जाकर छात्र/छात्राओं को गुड टच, बैड टच, महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरुक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी। मा0 मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के सभी थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र जहां पर अपनी समस्या को दर्ज करा सकती हैं के बारे में जानकारी दी गई तथा मिशन शक्ति फेज- 06 के विषय मे महिलाओं को महिला संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर व नए कानून के बारे में जानकारी दी गई।

थाना मोहाना मिशन शक्ति टीम जनपद सिद्धार्थनगर-

01.उ0नि0 सुनील कुमार सिंह

02.म0आ0 दिव्या पांडे, विदुषी यादव, रीता देवी, खुशबू वर्मा

प्रेस नोट दिनांक 08-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति फेज 5.0 द्वितीय चरण अभियान के तहत थाना मिश्रौलिया मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के श्री लक्ष्मी माता पंडाल ग्राम मिश्रौलिया में बालिकाओं/महिलाओं/बच्चो को गुड टच, बैड टच, महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरुक किया गया।

डॉ0 अभिषेक महाजन, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 08.11.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण में, क्षेत्राधिकारी इटवा पवीन प्रकाश के निर्देशन में तथा रामदेव थानाध्यक्ष थाना मिश्रौलिया के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज 6.0 द्वितीय चरण अभियान के तहत थाना मिश्रौलिया मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के श्री लक्ष्मी माता पंडाल ग्राम मिश्रौलिया में बालिकाओं/महिलाओं/बच्चों को गुड टच, बैड टच, महिला अपराध, साइबर अपराध व उससे बचाव के संबंध मे जागरुक किया गया तथा खुद के साथ होने वाले अपराध से बचने के बारे मे जानकारी दी गयी व महिला संबंधी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु निम्न हेल्पलाइन नंबरों-112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108, एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 102, स्वास्थ्य सेवा के बारे में जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति टीम थाना मिश्रौलिया जनपद सिद्धार्थनगर-

01.उ0नि0 बबूना यादव

02.हे0का0 तेजप्रकाश मौर्या

03.रि0आ0 विकास पाण्डेय

04.रि0म0आ0 बिन्दु निषाद

प्रेस नोट दिनांक 08-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति फेज 6.0 शक्ति दीदी, नारी सुरक्षा, नारी सम्मान के तहत थाना खेसरहा मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम अकोल्ही में जाकर बालिकाओं/महिलाओं को सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं व महिला अपराध के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर डॉ0 अभिषेक महाजन द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओ की सुरक्षा में चलाए जा रहे अभियान के तहत आज दिनांक 08/11/2026 को अपर पुलिस अधीक्षक प्रशांत कुमार प्रसाद के निर्देशन व क्षेत्राधिकारी बांसी शुबेन्दु सिंह के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक रामकृष्ण मिश्र थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर के कुशल नेतृत्व में मिशन शक्ति के अन्तर्गत महिला सशक्तिकरण कार्यक्रम में मिशन शक्ति/जनचौपाल व बहू/बेटी सम्मेलन के सम्बन्ध में ग्राम अकोल्ही में जाकर बालिकाओं /महिलाओं को मिशन शक्ति के तहत सरकार के विभिन्न सरकारी योजनाओं के बारे मे जैसे कि प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना व बहू सम्मेलन अभियान मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना रानी लक्ष्मी बाई बाल एवं महिला2 सम्मान कोष नारी शक्ति वंदन अधिनियम मातृ शक्ति को सम्बल निराश्रित महिला पेंशन योजना मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना आदि अन्य योजनाओ से संबंधी जानकारी को बताया गया व जागरूक किया गया मिशन शक्ति फेज 6.0 कार्यक्रम महिला सशक्तिकरण,एंटीरोमियो अभियान एवं साइबर अपराध सुरक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत जानकारी देते हुए विभिन्न हेल्पलाइन नंबर 112, पुलिस आपातकालीन सेवा 1090, वूमेन पावर हेल्पलाइन 1076, माननीय मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 108, एंबुलेंस सेवा 1930, साइबर अपराध हेल्पलाइन 1098, चाइल्ड हेल्पलाइन 102, स्वास्थ्य सेवा 181 वीमेन हेल्पलाइन 101अग्निशमन सेवा के बारे में जानकारी दी गई व जागरूक किया गया।

मिशन शक्ति टीम थाना खेसरहा जनपद सिद्धार्थनगर -

01.उ0नि0 चंद्रिका प्रसाद मौर्य

02.का श्रीप्रकाश

03.म0आ0 गुंजन सेन,म0आ0 अंजली यादव

प्रेस नोट दिनांक 08-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆मिशन शक्ति फेज 6.0 अभियान के तहत थाना पथरा बाजार मिशन शक्ति टीम द्वारा थानाक्षेत्र के ग्राम तुरकौलिया तिवारी में माता के पंडाल में महिलाओं/बालिकाओं को आत्मसुरक्षा, महिला संबंधी अपराधों से बचाव तथा गुड टच एवं बैड टच के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर द्वारा महिलाओं के सुरक्षा एवं जागरूकता अभियान" के संबंध में दिए गए निर्देश के क्रम में प्रशांत कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर व क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज बृजेश कुमार वर्मा के कुशल पर्यवेक्षण में तथा थानाध्यक्ष पथरा बाजार जनार्दन प्रसाद के नेतृत्व में मिशन शक्ति फेज-6.0 के अंतर्गत जागरूकता अभियान चलाया गया। इसी क्रम में थाना क्षेत्र के थानाक्षेत्र के ग्राम तुरकौलिया तिवारी में माता के पंडाल में बहू सम्मेलन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ऐसी बहुओं/महिलाओं को जागरूक करना था जो अपनी समस्याओं को लेकर थाने तक नहीं आ पाती हैं। चौपाल के दौरान उपस्थित महिलाओं एवं बालिकाओं को आत्मसुरक्षा, महिला संबंधी अपराधों से बचाव तथा गुड टच एवं बैड टच के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही मा0 मुख्यमंत्री उ0प्र0 सरकार द्वारा प्रदेश के समस्त थानों पर स्थापित मिशन शक्ति केंद्र के बारे में बताया गया, जहाँ महिलाएं अपनी समस्याओं को दर्ज करा सकती हैं। महिलाओं को महिला सम्वन्धी अपराध पर अंकुश लगाने हेतु जारी हेल्प लाइन 1090 वुमेन पावर लाइन, 181 महिला हेल्प लाइन, 1076 मुख्यमंत्री हेल्प लाइन, 112 पुलिस हेल्प लाइन, 1098 चाईल्ड केयर लाइन, 108 एम्बुलेंस हेल्प लाइन, 101 अग्निशमन हेल्प लाइन, 14567 एल्डर हेल्पलाइन, 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर नए कानून के बारे में और लिंगानुपात बाल विवाह लैंगिक शोषण जनसंख्या अनुपात के बारे में भी जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति टीम थाना पथरा बाजार जनपद सिद्धार्थनगर--

01.उ0नि0 विजय सिंह

02.का0 सुदामा यादव

03.म0का0 नूतन शर्मा

प्रेस नोट दिनांक 08-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ थानाध्यक्ष मोहाना द्वारा दीपावली के शुभ अवसर पर सफाईकर्मियों को मिष्ठन्न वितरित कर उन्होंने सभी को दीपावली की शुभकामनाएं दीं और उनके सुखद भविष्य की कामना की।

थानाध्यक्ष मोहाना द्वारा दीपावली के शुभ अवसर पर सफाईकर्मियों को मिठाई वितरित कर खुशियां साझा की गईं, आपसी सौहार्द एवं भाईचारे के साथ त्योहार मनाने का दिया गया संदेश। थानाध्यक्ष मोहाना द्वारा सामाजिक सरोकार एवं मानवीय संवेदनशीलता का परिचय देते हुए क्षेत्र में स्वच्छता का महत्वपूर्ण दायित्व निभाने वाले सफाईकर्मियों के साथ दीपावली की खुशियां साझा की गईं। तथा त्योहार को आपसी प्रेम, भाईचारे, सौहार्द एवं पारस्परिक सहयोग के साथ हर्षोल्लासपूर्वक मनाने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही उन्हें बताया गया कि दीपावली केवल दीप जलाने और खुशियां मनाने का पर्व ही नहीं, बल्कि यह अंधकार पर प्रकाश, बुराई पर अच्छाई तथा आपसी वैमनस्य पर प्रेम एवं सद्भाव की विजय का प्रतीक है। तथा थाना मोहाना पुलिस सदैव जनसेवा, जनसहयोग, सामाजिक समरसता एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर थाना मोहाना पुलिस द्वारा सफाईकर्मियों को मिठाई वितरित कर उन्हें दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी गई। तथा थाना मोहाना पुलिस की ओर से समस्त क्षेत्रवासियों को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी गयी।

प्रेस नोट दिनांक 08-11-2026 जनपद सिद्धार्थनगर।

◆ थानाध्यक्ष त्रिलोकपुर द्वारा दीपावली के शुभ अवसर पर थाना क्षेत्र के विभिन्न मलिन बस्तियों और अत्यंत गरीब/असहाय परिवारों के बीच जाकर त्यौहार दीपावली के अवसर बांटी खुशियां, व जरूरतमंदों को दिए दीये और मिष्ठान व उनके सुखद भविष्य की कामना की।

डॉ0 अभिषेक महाजन वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के आदेश के क्रम में , प्रशान्त कुमार प्रसाद अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थनगर के निर्देशन व बृजेश कुमार वर्मा क्षेत्राधिकारी डुमरियागंज के कुशल पर्यवेक्षण में एवं अनूप कुमार मिश्र थानाध्यक्ष थाना त्रिलोकपुर जनपद सिद्धार्थनगर के द्वारा आज दिनांक 08.11.2026 को त्यौहार दीपावली के दृष्टिगत थाना क्षेत्र के विभिन्न मलिन बस्तियों और अत्यंत गरीब/असहाय परिवारों के बीच जाकर त्यौहार की खुशियां साझा कीं तथा सभी को दीपावली की बधाई देते हुए मिष्ठान व मोमबत्तियां/दीए वितरण किया गया, ताकि हर घर में प्रकाश और उल्लास के साथ त्यौहार मनाया जा सके